



नवभारत
भोपाल, शनिवार, 4 जुलाई 2026


## साइबर अपराधों से बचने के दिए टिप्स

- 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान के तहत किया जागरूक
- छात्र-छात्राओं और स्टाफ को दिलाई सुरक्षा की शपथ



नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 3 जुलाई.** 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान के तहत शुक्रवार को थाना ओरछारोड क्षेत्र की सुमति अकैडमी में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताते हुए सुरक्षित और जिम्मेदारीपूर्ण डिजिटल व्यवहार अपनाने का संदेश दिया.

एसपी ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों से सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, पासवर्ड, बैंकिंग जानकारी या अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें.उन्होंने साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस और संबंधित हेल्पलाइन से संपर्क करने की अपील भी की. कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई गई.इस अवसर पर थाना प्रभारी ओरछारोड उपनिरीक्षक दीपक यादव, साइबर प्रभारी उपनिरीक्षक नेहा गुर्जर, विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.



## विवि में पत्रकारिता कोर्स शुरू करने की मांग

**छतरपुर, 3 जुलाई.** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में पत्रकारिता के बीजे (बैचलर ऑफ जर्नलिज्म) और एमजे (मास्टर ऑफ जर्नलिज्म) पाठ्यक्रम शुरू करने की मांग को लेकर छात्रों ने शुक्रवार दोपहर कुलगुरु डॉ. राजेश कुशवाहा को आवेदन सौंपा.छात्रों ने कहा कि जिले में पत्रकारिता की पढ़ाई के लिए यह कोर्स उपलब्ध नहीं होने से विद्यार्थियों को दूसरे शहरों का रुख करना पड़ता है.

## नौगांव के दो भाई बने अग्निवीर

- तिरंगा यात्रा निकालकर किया गया स्वागत
- प्रशिक्षण पूरा कर लौटे अनिकेत और रविंद्र यादव



नवभारत न्यूज

**नौगांव, 3 जुलाई. नगर की सीताराम कॉलोनी निवासी किसान खेत सिंह यादव के दोनों पुत्र अनिकेत यादव और रविंद्र यादव भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर घर लौटे तो पूरे नगर में उत्साह का माहौल बन गया. दोनों सगे भाइयों के एक साथ अग्निवीर बनने पर नगरवासियों ने तिरंगा यात्रा निकालकर उनका स्वागत किया.**

छह माह पहले दोनों का एक साथ अग्निवीर भर्ती में चयन हुआ था. प्रशिक्षण पूरा कर घर पहुंचने पर परिवार, रिश्तेदारों और स्थानीय लोगों ने फूलमालाओं से दोनों जवानों का स्वागत किया.पिता खेत सिंह यादव ने कहा कि उनका सपना था कि दोनों बेटे देश की सेवा करें और आज यह सपना साकार होने पर पूरा परिवार गौरवान्वित है.दोनों अग्निवीरों के सम्मान में तहसील चौराहे से तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए.डीजे, ढोल-नगाड़ों और देशभक्ति के नारों के बीच निकली यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया.कार्यक्रम के अंत में दोनों जवानों का सम्मान किया गया.

### एक नजर में

#### सीसी सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप,

**चंदला/गौरीहार, 3 जुलाई.** जनपद पंचायत गौरीहार की ग्राम पंचायत खड़ेहा में सदा अनुरागी के मकान से पुलिया तक करीब 150 मीटर लंबी सीसी सड़क निर्माण में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं. ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया गया. आरोप है कि बिना उचित बेस तैयार किए सीधे मिट्टी पर पॉलीथीन बिछाकर सड़क बनाई गई.साथ ही 40 एमएम और 20 एमएम गिट्टी का उपयोग नहीं किया गया, मिट्टी मिली रेत का प्रयोग किया गया तथा वाइब्रेटर का इस्तेमाल भी नहीं हुआ. ग्रामीणों के अनुसार सड़क की निर्धारित 8 इंच मोटाई के स्थान पर केवल 3 से 4 इंच तक ही सीसी डाली गई. निर्माण पूरा होने से पहले ही सड़क की सतह टूटने लगी और मटेरियल हाथ में आने लगा.आरोप है कि बाद में ऊपर से सीमेंट का छिड़काव कर गुणवत्ता बेहतर दिखाने का प्रयास किया गया.ग्रामीणों ने पहचान गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि पंचायत में लंबे समय से गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य हो रहे हैं. विरोध करने पर विवाद की स्थिति बन जाती है और निरीक्षण के लिए जिम्मेदार अधिकारी भी मौके पर नहीं पहुंचते. बताया जा रहा है कि निर्माण कार्य की जांच भी की गई, लेकिन कार्रवाई की फाइल ठंडे बस्ते में डाल दी गई. ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि यदि सड़क का निर्माण मानकों के अनुरूप हुआ है तो निर्माण के तुरंत बाद ही सड़क क्यों टूटने लगी और मटेरियल क्यों उखड़ रहा है. ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई तथा गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने की मांग की है.



#### सामुदायिक भवन निर्माण में गड़बड़ी का आरोप

**चंदला / लवकुशनगर, 3 जुलाई.** जनपद पंचायत लवकुशनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत पाण्डेयपुरवा में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है. लगभग 25 लाख रुपए की स्वीकृत राशि से बन रहे इस भवन के निर्माण कार्य में गंभीर लापरवाही और घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग के आरोप लगाए जा रहे हैं.ग्रामीणों का आरोप है कि भवन निर्माण में तकनीकी मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है. जानकारी के अनुसार भवन में 6 फीट ऊंचाई के बाद जहां मजबूत रिंग बीम डाली जानी चाहिए थी, वहां केवल 3 से 4 इंच मोटी साधारण बीम डालकर खानापूर्ति कर दी गई. ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरपंच-सचिव की लापरवाही के चलते निर्माण कार्य में लगातार अनियमितताएं बरती जा रही हैं. उनका कहना है कि पंचायत में पूर्व में हुए सीसी सड़क निर्माण कार्यों में भी घटिया सामग्री का उपयोग किया गया था, जिसके कारण कई स्थानों पर सड़कें टूटने लगी हैं. पूरे मामले में लवकुशनगर जनपद सीईओ भारती ठाकुर से पहले भी शिकायत की गई थी, लेकिन अभी तक जांच नहीं हुई.सीईओ से पुन: बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया.


#### 7 मरीजों को 3.50 लाख रुपये की सहायता

**छतरपुर, 3 जुलाई.** मध्य प्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से छतरपुर जिले के गंभीर बीमारियों से पीड़ित सात लोगों के उपचार के लिए कुल 3.50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है.इस सहायता का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराना और उपचार के दौरान आर्थिक राहत प्रदान करना है. स्वीकृत सहायता राशि के अनुसार बिजावर निवासी अरुण सेन को 80 हजार रुपये, बड़ामलहरा निवासी ओमप्रकाश प्रजापति को 75 हजार रुपये, छतरपुर शहर के वार्ड क्रमांक 36 निवासी आशीष कुमार अग्रवाल को 50 हजार रुपये, नौगांव विकासखंड के ग्राम बिलहरी निवासी खुशबू गंधर्व को 50 हजार रुपये तथा बिजावर निवासी किरण निगम को 50 हजार रुपये की सहायता स्वीकृत हुई है.इसके अलावा बकस्वाहा विकासखंड के ग्राम कुही निवासी भैयालाल चडार को 25 हजार रुपये और बड़ामलहरा विकासखंड के ग्राम सेंधपा निवासी कंचीबाई चढ़ार को 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है. मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान योजना के माध्यम से गंभीर बीमारी से जूझ रहे जरूरतमंद मरीजों को समय पर आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराया जाता है, ताकि इलाज के दौरान आर्थिक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े.शासन द्वारा समय-समय पर पात्र हितग्राहियों को इस योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है.

## बागेश्वर धाम पहुंचे उद्योगपति अनंत अंबानी

### 11 कन्याओं का पूजन एवं ब्राह्मणों का सम्मान किया

- बागेश्वर महाराज ने कराए दिव्य दर्शन
- अंगवस्त्र व रुद्राक्ष माला भेंट की



नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 3 जुलाई. उद्योगपति अनंत अंबानी देर शाम बागेश्वर धाम पहुंचे, जहां धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने मुगदर, बलजीवी रुद्राक्ष की माला और अंगवस्त्र भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया. बागेश्वर महाराज ने उन्हें श्री बागेश्वर बालाजी, सन्यासी बाबा और प्रेतराज सरकार के दर्शन कराए तथा धाम की धार्मिक महत्ता से अवगत कराया.**

दर्शन के बाद दोनों ने देश, धर्म और जनकल्याण की कामना के साथ बालाजी की आरती की.इसके बाद यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ में आहुति दी गई.इस अवसर पर अनंत अंबानी ने 11 कन्याओं का विधिवत पूजन कर उन्हें दक्षिणा भेंट की तथा काशी से आए विद्वान ब्राह्मणों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया. इससे पहले अनंत अंबानी विशेष विमान से खजुराहो एयरपोर्ट पहुंचे, जहां स्थानीय सांसद, विधायक, प्रशासनिक अधिकारियों और बागेश्वर धाम सेवा समिति के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया.

एयरपोर्ट से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वे सीधे बागेश्वर धाम के लिए रवाना हुए.

## अवैध शराब मामले का इनामी तस्कर गिरफ्तार



- 15 मामलों में लिप्त है आरोपी सरफराज उर्फ लहसुन

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 3 जुलाई.कोतवाली थाना पुलिस ने अमानगंज मोहल्ला में अवैध शराब संग्रह के चर्चित मामले में फरार चल रहे 3 हजार के इनामी आरोपी सरफराज खान उर्फ लहसुन भूरा को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तस्करी में प्रयुक्त इनोवा कार भी जब्त की है.आरोपी लंबे समय से फरार था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी.**

पुलिस के अनुसार मई माह में अमानगंज मोहल्ला में कार्रवाई के दौरान 24 पेटी एवं 217 लीटर से अधिक अवैध शराब, जिसकी कीमत करीब एक लाख रुपये आंकी गई थी, बरामद की गई थी.इस मामले में आरोपी राजकुमार राठौर को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था, जबकि सरफराज उर्फ लहसुन भूरा फरार चल रहा था.उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने 3 हजार का इनाम घोषित किया था.

पुलिस टीम ने मुखबिर एवं तकनीकी सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया. पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया.पुलिस के अनुसार सरफराज उर्फ लहसुन भूरा के विरुद्ध अवैध हथियार, अवैध शराब तस्करी, मारपीट सहित करीब 15 आपराधिक प्रकरण पहले से दर्ज हैं, जिससे वह पुलिस के रिकॉर्ड में आदतन अपराधी के रूप में चिन्हित है.यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले एवं नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सोनी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह के नेतृत्व में की गई.कार्रवाई में प्रधान आरक्षक हरचरण, राजेश यादव, शैलेंद्र सिंह तथा आरक्षक नरेश सिंह, कपींद्र, संदीप की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

## सर्पदंश से 10 वर्षीय मासूम की मौत

**छतरपुर, 3 जुलाई.** जिले के चंदला क्षेत्र में जहरीले सांप के काटने से 10 वर्षीय मासूम की मौत हो गई.जानकारी के अनुसार, सांप के काटने के बाद परिजन बच्चे को तत्काल अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़-फूंक और देशी उपचार कराते रहे.इस कारण इलाज में देरी हो गई और बच्चे की हालत लगातार बिगड़ती चली गई. गंभीर स्थिति होने पर उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां गुरुवार रात करीब 8 बजे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई.घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है.शुक्रवार सुबह करीब 10:30 बजे जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया.

## एसडीएम ने किया अस्पताल का निरीक्षण

**छतरपुर, 3 जुलाई. गौरिहार के एसडीएम विजय डेहरिया ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौरिहार का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लिया.निरीक्षण के दौरान उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) पहुंचकर कुपोषित बच्चों के उपचार और देखभाल की व्यवस्थाओं की जानकारी ड्यूटी पर मौजूद स्वास्थ्यकर्मी संगीता परस्ते से प्राप्त की.**



इसके बाद एसडीएम ने लेबर रूम और प्रसूति कक्ष का निरीक्षण किया तथा भर्ती गर्भवती महिलाओं से बातचीत कर अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली.महिलाओं ने समय पर दवाइयां मिलने और भोजन की नियमित व्यवस्था होने की बात बताते हुए अस्पताल की सेवाओं पर संतोष व्यक्त किया.निरीक्षण के दौरान ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. जितेंद्र वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ भी मौजूद रहा.

निरीक्षण के अंत में एसडीएम विजय डेहरिया ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.उल्लेखनीय है कि गौरिहार में पदभार ग्रहण करने के बाद वे लगातार विभिन्न शासकीय विभागों का निरीक्षण कर जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दे रहे हैं, ताकि आम नागरिकों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

## बिजली गिरने से दो भाइयों की मौत

- मछली पकड़कर लौटते समय पेड़ के नीचे रुके थे



नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 3 जुलाई. जिले की घुवारा तहसील के ग्राम सौरखी में बीती शाम आकाशीय बिजली गिरने से दो सगे भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई.दोनों मछली पकड़कर घर लौट रहे थे.तेज बारिश से बचने के लिए वे एक पेड़ के नीचे रुके थे, तभी बिजली गिरने से दोनों उसकी चपेट में आ गए और मौके पर ही दम तोड़ दिया.**

जानकारी के अनुसार, बीती शाम करीब 4:30 बजे पांच-छह ग्रामीण धसान नदी पर बने बान सुजारा बांध में मछली पकड़ने गए थे.लौटते समय रास्ते में नाले में पानी अधिक होने के कारण चार ग्रामीण दूसरे रास्ते से निकल गए, जबकि विश्वां निवासी कनई आदिवासी और चरन आदिवासी दूसरे मार्ग से घर लौट रहे थे.बारिश तेज होने पर दोनों एक पेड़ के नीचे खड़े हो गए, जहां अचानक आकाशीय बिजली गिर गई.वहीं दूसरे पेड़ के नीचे खड़े चार ग्रामीण सुरक्षित बच गए.घटना की सूचना मिलते ही घुवारा तहसीलदार प्रीतम सिंह गौड़ एवं पुलिस टीम मौके पर पहुंची. पंचनामा कार्रवाई के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया.घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है.

## पुलिस ने 42 गुम मोबाइल लौटाए

- मालिकों के चेहरों पर लौटी मुस्कान



**छतरपुर, 3 जुलाई.** जिले के लवकुशनगर एसडीओपी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस ने सराहनीय पहल करते हुए 42 गुम हुए मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए.लंबे समय बाद अपने मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने खुशी जताई और पुलिस विभाग के इस प्रयास की सराहना करते हुए अधिकारियों का आभार व्यक्त किया.

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गुम या चोरी हुए मोबाइल फोन की शिकायत मिलने के बाद तकनीकी माध्यमों से उनकी तलाश की गई.लगातार प्रयासों के बाद 42 मोबाइल बरामद किए गए और सत्यापन के बाद उन्हें उनके वास्तविक मालिकों को वापस सौंप दिया गया. इस अवसर पर पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि मोबाइल गुम होने या चोरी होने की स्थिति में बिना देरी किए संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराएं.

## शराब ठेके के सामने दुकानदार से मारपीट

**छतरपुर.** शहर के चौबे तिगड्डा स्थित शराब ठेके के सामने देर रात एक दुकानदार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है.जानकारी के अनुसार, तीन युवक एक ही मोटरसाइकिल से गुटखा-पानी की दुकान पर पहुंचे.उनमें से दो युवक नशे में थे.जब दुकानदार ने पैसे मांगे तो दोनों आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर दी. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आरोपियों ने दुकानदार पर जानलेवा हमला करने का भी प्रयास किया.शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी मोटरसाइकिल से फरार हो गए.

**कार्यक्रम** पात्र ग्रामीणों को 125 दिनों की रोजगार गारंटी का प्रावधान

## विकसित भारत जी-राम-जी मिशन का शुभारंभ



नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 3 जुलाई. जिला पंचायत सभाकक्ष छतरपुर में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबीजी रामजी) के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ.**

इस अवसर पर छतरपुर विधायक ललिता यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री, कलेक्टर पार्थ जैसवाल, जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, परियोजना अधिकारी चक्रेश जैन सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे. कार्यक्रम में बताया गया कि विकसित भारत जी-राम-जी मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका को नई गति मिलेगी.योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को 125 दिनों की रोजगार गारंटी प्रदान की जाएगी.इसके अलावा स्वरोजगार, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण और आजीविका के नए अवसरों को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर एवं सशक्त गांवों के निर्माण पर विशेष बल दिया जाएगा.

इस दौरान मिशन के उद्देश्य एवं कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी गई.जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने और अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने का आह्वान किया.कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित समारोह का सीधा प्रसारण भी देखा गया तथा योजना के प्रचार-प्रसार के लिए पोस्टर, बैनर और पंपलेट वितरित किए गए.

## सीसी सड़क की गुणवत्ता पर उठे सवाल

नवभारत न्यूज चंदला

**चंदला/लवकुशनगर, 2 जुलाई. जनपद पंचायत लवकुशनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत रमझाला में लाखों रुपये की लागत से निर्मित सीसी सड़क की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं.**

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत रमझाला में लगभग 3 लाख 90 हजार रुपये की लागत से करीब 150 मीटर लंबी सीसी सड़क का निर्माण कराया गया है. यह सड़क संतु प्रजापति के मकान से पंचा कोरी के मकान तक बनाई गई है. निर्माण कार्य को हुए अभी करीब दो माह ही बीते हैं, लेकिन सड़क कई स्थानों पर दरारों के साथ टूटने-बिखरने लगी है.



ग्रामीण दयाराम अनुरागी और विश्राम सिसोदिया ने आरोप लगाया कि जिस स्थान पर नई सड़क बनाई गई, वहां पहले से ही सीसी सड़क मौजूद थी. इसके बावजूद पुरानी सड़क के ऊपर ही नया निर्माण कर दिया गया.ग्रामीणों का कहना है कि निर्धारित मानकों के अनुसार सड़क की मोटाई 8 इंच होनी चाहिए थी, लेकिन मौके पर मात्र लगभग 2 इंच सीसी डालकर कार्य पूरा कर दिया गया.

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि निर्माण के दौरान कंक्रीट को मजबूत और टिकाऊ बनाने के लिए आवश्यक वाइब्रेटर मशीन का उपयोग नहीं किया गया.ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित विभाग के इंजीनियर निर्माण कार्य का मौके पर निरीक्षण नहीं करते और बिना स्थल परीक्षण के ही मूल्यांकन कर दिया जाता है. मामले की जानकारी सीओ भारती ठाकुर को भी दी गई, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई. इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है.